दिनांक - 9.2.2020

आज दिनांक 9.2.2020 को महाविद्यालय IQAC समिति की आवश्यक बैठक आहुत की गई, जिसमें डॉ मुकेश मीना सहायक आचार्य रसायन शास्त्र के सीनियर स्केल हेतु - प्राप्त आवेदन पर नियमानुसार API स्कोर का अंकन किया गया एवं तत्पश्चात आवेदन स्वीकार करते हुए आयुक्त महोदय आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर को अग्रेषित किया गया। बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे -

1. डॉ पूरणमल मीना संयोजक
2. डॉ सूर्य प्रकाश मालित सदस्य
3. डॉ जयकुमार सिहाग "
4. श्री राम लाल बैरवा "
5. श्रीमती (डॉ) पाँचाली शर्मा "
6. डॉ लखपत मीना "
7. डॉ राजेश गुप्ता "
8. श्री राजसिंह कुशवाहा (कार्य.अध्यक्ष)

आवेदन पत्र की गहनता पूर्वक जाँच की गई एवं संलग्न दस्तावेजों का सत्यापन किया। आयुक्तालय को आवेदन पत्र प्रेषित किया गया।

15.7.2020

आज दिनांक 15.7.2020 को महाविद्यालय IQAC समिति की आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें कोविड महामारी के दौरान महाविद्यालय में आवश्यक विकास कराये जाने हेतु विविध प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे—

1. डॉ पूरण मल मीना संयोजक
2. डॉ सूर्य प्रकाश माथुर सदस्य
3. डॉ जय कुमार सिंहल "
4. डॉ पाँचाली शर्मा "
5. श्री रामलाल बैरवा "
6. डॉ लखपत मीना "
7. डॉ राजेश गुप्ता "
8. श्री राज सिंह कुशवाहा

बैठक में महाविद्यालय के दोनों परिसरों को सेनेटाइज करवाने, दोनों परिसरों में लाइट की सुव्यवस्थित व्यवस्था करवाने, विद्युत फिटिंग की जर्जर व्यवस्था को सुधारने, दोनों परिसरों की बाउण्ड्रीवाल जो जगह जगह से टूटी हुई है की मरम्मत करवाने एवं महाविद्यालय के उत्तरी परिसर स्थित नलकूप (बोरिंग) की मरम्मत करवाने के कार्यों को प्राथमिकता पूर्वक करवाने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य को विकास समिति में ~~प्रस्ताव~~ प्रस्ताव लेने हेतु आग्रह किये जाने का निर्णय किया गया। अन्त में सभी सदस्यों को धन्यवाद करते हुए मीटिंग समाप्ति की घोषणा की गई।

12.01.2021

आज दिनांक 12.01.2021 को महाविद्यालय I.Q.A.C की आवश्यक बैठक हुई जिसमें निम्न संकाय सदस्य उपस्थित हुए -

1. डॉ पूरण मल मीणा
2. डॉ सूर्य प्रकाश नाविक
3. डॉ जयकुमार सिंहल
4. डॉ पांचाली शर्मा
5. श्री रामलाल बैरवा
6. डॉ हरिचरण मीणा
7. डॉ हनुमान प्रसाद मीणा
8. डॉ लखन पत मीणा
9. डॉ राजेश गुप्ता
10. श्री राजू सिंह

बैठक में सर्वप्रथम सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। पूर्व बैठक में लिए गये निर्णयों पर चर्चा हुई जिसमें महाविद्यालय में टूटी हुई चारदीवारी का मरम्मत कार्य पूर्ण करा लिया गया है। विद्युत फिटिंग का स्थानीय स्तर पर मरम्मत कार्य करवा लिया गया है। आगामी समय में महाविद्यालय में सघन रूप से वृक्षारोपण कार्य करवाने एवं महाविद्यालय में एक गांधी-वाटिका का निर्माण करवाये जाने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्व सम्मति से स्वीकार किया गया। सभी संकाय सदस्यों को महाविद्यालय में एक पेड़ लगाकर वर्षपर्यन्त उसकी देखभाल करने का दायित्व दिये जाने का निर्णय किया गया।

सभी संकाय सदस्यों को कोविड महामारी से बचाव हेतु महाविद्यालय में टीकाकरण जागरूकता अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया। सभी संकाय सदस्यों को छात्र छात्राओं को यू ट्यूब के माध्यम से अथवा व्हाट्स-अप ग्रुप बनाकर पाठ्यक्रम आधारित व्याख्यान अपलोड करने का निर्णय लिया गया।

कोविड काल के दौरान अधिकांश समय महाविद्यालय में गतिविधियाँ शून्य होने के कारण महाविद्यालय में कंटीली झाड़ियाँ एवं अन्य अनुपयोगी पौधों का बाहुल्य हो गया है

अतः महाविद्यालय प्राचार्य को परिसर में जेसीबी मशीन द्वारा अथवा मजदूरों के माध्यम से सफाई करवाने का प्रस्ताव लिया गया।

अन्त में सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मीटिंग के समापन की घोषणा की गई।

21.07.2021

आज दिनांक 21.7.2021 को आई क्यू ए सी समिति की आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें निम्नांकित संकाय सदस्यों ने भाग लिया –

1. डॉ पूरण मल मीना –
2. डॉ सूर्य प्रकाश नापित –
3. श्री राम लाल मीना –
4. डॉ पांचाली शर्मा –
5. डॉ हरिचरण मीना –
6. डॉ हनुमान प्रसाद मीना –
7. डॉ लक्ष्मणत मीना –
8. डॉ राजेश गुप्ता –
9. श्री राज सिंह कुशवाहा –

सर्वप्रथम संयोजक डॉ पूरणमल मीना ने सभी उपस्थित संकाय सदस्यों का स्वागत किया एवं पूर्व बैठक के लिए गये निर्णयों की समीक्षा की गई जिनमें महाविद्यालय मैं लघु वाटिका का निर्माण एवं उसकी तारबन्दी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। महाविद्यालय के लगभग सभी संकाय सदस्यों का कोविड टीकाकरण हो चुका है। समय समय पर दोनों परिसरों को सेनेटाइज करवाया जा रहा है। लगभग सभी संकाय सदस्यों ने यूट्यूब एवं व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से व्याख्यान अपलोड किये हैं आशानुरूप सफलता मिली है। वैश्विक महामारी से लगभग मुक्ति प्राप्त हो चुकी है एवं शैक्षणिक सत्र समय से प्रारम्भ होने की उम्मीद है। महाविद्यालय के दोनों परिसरों में सफाई कार्य एवं अनावश्यक उगी झाड़ियों एवं कटीले पेड़ो को हटा दिया गया है। महाविद्यालय का सौन्दर्यकरण प्रगति पर है –

बैठक में समस्त स्टाफ के लिए सुविधायुक्त स्टाफरूम का अभाव होने के कारण स्मार्ट कक्ष से पहले कक्ष को सुविधा सम्पन्न स्टाफ रूम के रूप में विकसित करवाने का प्रस्ताव प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

महाविद्यालय के दक्षिणी परिसर में स्थित पुस्तकालय में वाचनालय का निर्माण कार्य जो कि प्रक्रियाधीन है को समय पर पूर्ण करवाया जाकर पुस्तकालय को उत्तरी परिसर से दक्षिणी परिसर में स्थानान्तरित करवाये जाने के लिए प्राचार्य को प्रस्ताव दिये जाने का निर्णय किया गया।

सभी पी.जी. विभागों को वर्चुअल सेमीनार आयोजन करवाने के निर्देश दिये जाने का निर्णय किया गया। नवाचार से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया।

अन्त में सभी सदस्यों का उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर मीटिंग के समापन की घोषणा की गई।

23.11.2021

आज दिनांक 23.11.2021 को आई.क्यू.ए.सी. समिति की एक आवश्यक बैठक महाविद्यालय के दक्षिणी परिसर स्थित स्मार्ट क्लास रूम में आहूत की गई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे –

1. डॉ. पूरणमल मीणा संयोजक –
2. डॉ. सूर्य प्रकाश नागर –
3. डॉ. जय कुमार चिरेल –
4. श्री राम लाल बैरवा –
5. डॉ. पांचाली शर्मा –
6. डॉ. लखपत मीणा –
7. डॉ. राजेश गुप्ता –
8. श्री राजसिंह कुशवाहा –

सर्व प्रथम संयोजक महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया एवं पूर्व की बैठकों में लिए गये प्रस्तावों के क्रियान्वयन पर खुशी प्रकट की गई।

मीटिंग में महाविद्यालय के दक्षिणी परिसर स्थित उद्यान के पेड़ों की कटाई छँटाई एवं अपेक्षित रख रखाव की आवश्यकता महसूस की गई एवं महाविद्यालय में एक वानस्पतिक-उद्यान विकसित किये जाने की आवश्यकता महसूस की। छात्र छात्राओं को इस उद्यान के माध्यम से अध्ययन में अपेक्षित सहयोग प्राप्त हो सकेगा।

संयोजक के अनुसार स्थानीय महाविद्यालय – जिले का मॉडल – महाविद्यालय है अतः जिले के अन्य महाविद्यालयों की 'नैक' से सम्बन्धित तैयारी की जानकारी महाविद्यालय के 'हैण्ड होल्डिंग' कार्यक्रम के तहत ली जावे एवं आवश्यक सुझाव भी प्रेषित किए जाएँ। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय से नियमित अन्तराल पर DRAC & RACE की मीटिंग करते रहने का – आग्रह किया जाए।

महाविद्यालय के दक्षिणी परिसर में छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ के लिए निर्धारित स्थान पर साइकिल, वाहन

स्टैण्ड का विस्तार किया जाए। जिससे परीक्षा के दौरान उत्पन्न भीड़ भाड़ को नियंत्रित किया जा सके। महाविद्यालय में चौकीदार की प्रभावी ड्यूटी लगायी जाए।

महाविद्यालय में लैब असिस्टेंट एवं लैब ब्वाय के पद रिक्त चल रहे है अतः किसी नियोक्ता फर्म से प्रयोगशालाओं के उचित रख रखाव हेतु प्रयोगशाला सेवायक के रूप में संविदा कार्मिकों की नियुक्ति की जाए।

दाधीचि पीपर एवं कन्या महाविद्यालय के मध्य भूमि का सीमांकन करवाते हुए पक्की दीवार अथवा तार फेंसिंग की जावे जिससे बाह्य असामाजिक तत्वों के अनावश्यक प्रवेश पर रोक लगे।

शैक्षणिक गुणवत्ता बनाये रखने हेतु सभी कक्षा के विद्यार्थियों के मासिक टेस्ट लिए जाएँ। प्राचार्य से मिलकर इस कार्य को प्राथमिकता से सम्पन्न करवाया जाए।

छात्र-छात्राओं को अतिथि व्याख्यानों के माध्यम से लाभान्वित किया जाए। सत्र में नियमित अंतराल पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किए जाते रहे। पाठ्यक्रम से सम्बन्धित वेबिनार आदि का एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए।

महाविद्यालय में खेलकूद सप्ताह का आयोजन किया जाए एवं सांस्कृतिक सप्ताह का भी आयोजन किया जाए। प्रतिभाओं को पुरस्कृत भी किया जाए। अन्त में सभी को बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।